18/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति के संबल कंपोनेंट और महिला एवं बाल-केंद्रित कानून आदि जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन और प्रगति का जायजा लिया। श्रीमती ठाकुर ने आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू से भी मुलाकात की। इन बैठकों के दौरान, उन्होंने विभिन्न महिला एवं बाल कल्याण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता में सुधार के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष सुश्री रतन आन्या से भी मुलाकात की। केंद्रीय राज्य मंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह कल अपर सुबनसिरी जिले का दौरा करेंगी।

0000000000000000000

भाजपा कार्यालय के सूत्रों के अनुसार पासीघाट ईस्ट के पूर्व विधायक कालिंग मोयोंग को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना गया हैं। श्री मोयोंग इस पद के लिए शीर्ष पद के लिए अकेले दावेदार थे। वे वर्तमान अध्यक्ष बियुराम वाहगे की जगह लेंगे।

मोयोंग के नाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर सह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पार्टी पर्यवेक्षक और असम के मंत्री अशोक सिंघल, मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन और अन्य गण्मान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में की। श्री मोयोंग को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की और उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी और नई ऊंचाइयों को छुएगी।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को उपायुक्तों के दो दिवसीय सशक्त अरुणाचल सम्मेलन में अपने समापन भाषण में कहा कि, समस्याओं से भागना आगे बढ़ने का तरीका नहीं है, बल्कि समस्याओं का समाधान कर आगे बढ़ना ही समाधान होगा। उन्होंने कहा कि, उपायुक्तों के सामने कुछ समस्याएं आयेंगी लेकिन हमें समाधान खोजने और आगे बढ़ने की जरूरत है। राजस्व संग्रह में जिलों के योगदान पर श्री खांडू ने कहा कि अब से प्रत्येक जिले को राज्य के राजस्व संग्रह में उनके योगदान के आधार पर मापा जाएगा। उन्होंने सभी उपायुक्तों को सलाह दी कि, वे राजस्व संग्रह में अपने-अपने जिले के योगदान की समीक्षा करें और संतोषजनक न होने पर उपाय लागू कर संतोषजनक बनाएँ।

0000000000000000000

राज्य विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंगते ने कल पुराने विधानसभा भवन का दौरा किया और मीडिया को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, नाहरलागुन स्थित पुराना विधानसभा भवन न केवल एक प्रतिष्ठित संरचना है, बल्कि राज्य की समृद्ध विधायी विरासत का प्रतीक है, जिसमें अतीत में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उन्होंने यह भी माना कि पुराना विधानसभा भवन ने अतीत के महान नेताओं के साथ-साथ वर्तमान के कई सदस्यों का भी मार्ग दर्शन किया है। इस दौरे में स्थानीय विधायक तेची कासो, डॉ. मोहेश चाई और चाकत अबोह सहित विधानसभा सचिव तादार मीना एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

0000000000000000000

ईटानगर नगर निगम (IMC) ने कल **7 हिल्स नेक्सग्राम** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत राजधानी में कचरा प्रबंधन के बोझ को कम करने में सहायता मिलेगी। MoU के तहत चिम्पू डंपिंग ग्राउंड में नगरपालिका द्वारा सॉलिड वेस्ट चारकोल प्लांट स्थापित किया जायेगा। IMC के मेयर तामे फासांग ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि IMC के सामने सबसे बड़ी समस्याओं में से एक दैनिक कचरे का निपटान है। राज्य में सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट की उचित प्रणाली की कमी के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा लगाए गए जुर्माने पर प्रकाश डालते हुए, श्री फासांग ने उम्मीद जताई कि यह नया प्लाटं एक लंबे समय तक इस संबंध में समाधान प्रदान करेगा।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश पुलिस द्वारा गत 15 जनवरी को ताना हासी नामक एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया। यह व्यक्ति कथित तौर पर सशस्त्र समूह यूनाइटेड तानी आर्मी (यूटीए) के लिए समूह में कमज़ोर युवाओं की भर्ती करवाता था। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ़्तारी एक खुफिया अभियान के तहत की गई हैं। आईजीपी कानून एवं व्यवस्था चुखू आपा ने कल संवाददाताओं को बताया कि, यह व्यक्ती यूटीए और नागा विद्रोही समूहों के वरिष्ठ सदस्यों के सीधे संपर्क में था। जांच से पता चला है कि वह मुख्य भर्तीकर्ता था और उसने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े शिविरों में युवाओं को ले जाने में मदद की थी। इस बीच, आईजीपी ने भर्ती किए गए युवाओं से स्वेच्छा से समाज में वापस लौटने की अपील की और आश्वासन दिया कि उनके खिलाफ़ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

0000000000000

नाहरलागुन पुलिस द्वारा गत 14 जनवरी की देर रात छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 18 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की गई जिसकी कीमत चौवन हजार रुपये बताया गया हैं। इस संबंध में पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21(बी)/29 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू किया।

000000000000000